प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'अड़तीस'

[7/3/2017]

प्रश्न सं. [क्र. 4131]

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), छिन्दवाड़ा

क्रमांक / 1536 / खनिज शाखा / 2015 छिन्दवाड़ा, दिनांक 22 / 06 / 2015

प्रति,

कमिश्नर महोदय
जबलपुर संभाग जबलपुर
(मध्यप्रदेश)

विषयः— तामिया के भूमाफियाओं पर समुचित कार्यवाही करने बावत ।

संदर्भः— आपका पत्र कमांक 72 / स0अ0दो / 2015 जबलपुर दिनांक 15 / 05 / 2015.

.........00.........

उपरोक्त विषयांतार्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें । संदर्भित पत्र के साथ भारतीय जनता पार्टी मंडल तामिया विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव के विधायक प्रतिनिधि श्री विजय शिवहरे का आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें तामिया विकास खंड के भू–माफियाओं के द्वारा की जा रही मनमानी के संबंध में शिकायत प्रस्तुत की गई है, उक्त शिकायत पत्र के संबंध में खनि निरीक्षक खनि शाखा छिन्दवाड़ा से प्रतिवेदन प्राप्त किया गया, जिसमें प्रतिवेदित किया गया है कि दिनांक 04 / 05 / 2015 को नायब तहसीलदार तामिया, राजस्व अमला, पुलिस अमला, एवं खनिज अमला द्वारा मौके पर जांच की गई, जांच के दौरान बांगई स्थित जलाशय के किनारे 850 घन मी0 रेत का अवैध उत्खनन हो भंडारण होना पाया गया । उक्त प्रकरण में सतीश मिश्रा, बाबा ठाकुर, मनमोहन साहू एवं भगवत पटेल के खिलाफ पुलिस थाना तामिया में भारतीय दंड विधान की धारा 379 एवं मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम 53 (1,3,5) के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर अवैध निकासी का कार्य बंद करा दिया गया है । विभाग द्वारा की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन आपकी ओर सादर सम्प्रेषित है ।

(माननीय मंत्री जी कृपया अवलोकनार्थ)

खनि अधिकारी
कलेक्टर, छिन्दवाड़ा
सहायक खनि अधिकारी
छिन्दवाड़ा

पृ0क0 / 1536 / खनिज शाखा / 2015, छिंदवाडा दिनांक 22 / 06 / 2015
प्रतिलिपिः—माननीय विधायक, विधान सभा क्षेत्र जुन्नारदेव की ओर सादर सूचनार्थ।

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन,
खनिज साधन विभाग

खनि अधिकारी
छिंदवाड़ा
सहायक खनि अधिकारी
छिंदवाड़ा

परिशिष्ट-"ब"

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) छिन्दवाड़ा

क्रमांक 295/खनिज/2017, छिन्दवाड़ा दिनांक 15/02/2017

प्रति,

निजसचिव,
प्रभारी मंत्री जी,
जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)।

विषय:-माननीय श्री नथनशाह कवरेती जी विधायक 122 विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा द्वारा प्रेषित शिकायत पर कार्यवाही बावत्।

संदर्भः-माननीय प्रभारी मंत्री जिला छिन्दवाड़ा का पत्र क्रमांक 06 भोपाल दिनांक 17.01.2017।

---000---

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें।

आपके संदर्भित पत्र के साथ माननीय श्री नथनशाह कवरेती जी विधायक 122 विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा द्वारा माननीय प्रभारी मंत्री जी को संबोधित शिकायत पत्र की प्रति प्राप्त हुई है। शिकायत में जिन व्यक्तियों के नाम का उल्लेख है, उनके विरूद्व पुलिस थाना तामिया में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, तथा प्रकरण मान. न्यायालय जुन्नारदेव के समक्ष सुनवाई पर प्रचलित है।

की गई कार्यवाही का पूर्व में मान. कमिश्नर जबलपुर संभाग जबलपुर को पालन प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है, कि प्रति संलग्न कर सादर सूचनार्थ प्रेषित है।

खनि अधिकारी
जिला छिन्दवाड़ा

पृ.क्रं. /खनिज/2017, छिन्ददाड़ा दिनांक / /2017

प्रतिलिपि :-माननीय श्री नथनशाह कवरेती जी विधायक 122 विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा की ओर सादर सूचनार्थ।

खनि अधिकारी
जिला छिन्दवाड़ा

...अधिकारी
...प्रदेश शासन,
खनिज साधन विभाग